# विश्व मुक्केबाज़ी कप की मेज़बानी करेगा उत्तर प्रदेश

## चर्चा में क्यों?

भारत पहली बार **उत्तर प्रदेश** के **ग्रेटर नोएडा** में 13 से 24 नवंबर, 2025 तक **विजय पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स** में [विश्व मुक्केबाज़ी कप](#) **(पुरुष और महिला)** की मेज़बानी करेगा।

- इस आयोजन में **80 से अधिक देशों** के लगभग **450 मुक्केबाज़ों** के साथ लगभग **150 अधिकारी** भाग लेंगे और यह **विश्व मुक्केबाज़ी कांग्रेस** के साथ **23 नवंबर, 2025** को आयोजित होगी।

## मुख्य बिंदु

## मुक्केबाज़ी विश्व कप के बारे में:

- **परिचय:**
  - यह एक **वार्षिक शृंखला** है जिसमें **शीर्ष मुक्केबाज़ पूरे वर्ष विभिन्न चरणों में प्रतिस्पर्द्धा** करते हैं और रैंकिंग अंक अर्जित करते हैं।
  - साल का समापन एक फाइनल्स आयोजन के साथ होता है, जिसमें शीर्ष रैंक वाले मुक्केबाज़ **अंतिम ट्रॉफी** के लिये आमने-सामने होते हैं।
- **मुक्केबाज़ी विश्व कप (2023-2025):**
  - **पहली विश्व मुक्केबाज़ी कप प्रतियोगिता** अक्तूबर 2023 में **जर्मनी के कोलोन में** आयोजित की गई थी।
  - वर्ष 2024 की शृंखला इंग्लैंड, अमेरिका और मंगोलिया में आयोजित हुई तथा इसका समापन नवंबर 2024 में इंग्लैंड में फाइनल्स आयोजन के साथ हुआ।
  - वर्ष 2025 के आयोजन ब्राज़ील, जर्मनी और कज़ाकिस्तान में होंगे तथा फाइनल्स भारत में नवंबर 2025 में आयोजित होगा।
- **विश्व मुक्केबाज़ी कप 2025:**
  - भारत पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेज़बानी करेगा, जिसमें [भारतीय मुक्केबाज़ी महासंघ (BFI)](#) **निविदा** का प्रमुख दावेदार है।
  - भारत इससे पहले दो बार (2018 और 2023 में **दिल्ली**) में **महिला विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप** की मेज़बानी कर चुका है।
  - वर्ष 2017 में **विश्व मुक्केबाज़ी कांग्रेस** भी **ग्रेटर नोएडा** में आयोजित की गई थी।
- **अन्य प्रमुख मुक्केबाज़ी आयोजन:**
  - **U-19 विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप (अक्तूबर 2024):** अमेरिका के कोलोराडो स्प्रिंग्स में आयोजित, जिसमें 17 और 18 वर्ष की आयु के 180 से अधिक पुरुष और महिला **मुक्केबाज़ों** भाग लिया।
  - **एलीट विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप (सितंबर 2025):** पहला आयोजन इंग्लैंड के लिवरपूल में 4-14 **सितंबर**, 2025 को होगा।.
  - **एलीट विश्व मुक्केबाज़ी चैंपियनशिप (2027):** सफल निविदा प्रक्रिया के बाद, वर्ष 2027 का आयोजन कज़ाकिस्तान के अस्ताना में किया जाएगा।

## विश्व मुक्केबाज़ी

- विश्व मुक्केबाज़ी, वर्ष 2023 के उत्तरार्द्ध से, **मुक्केबाज़ों के विकास और प्रगति** में मदद करने हेतु **उच्च-गुणवत्ता वाली प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिये** प्रतिबद्ध है।
- यह संगठन विभिन्न स्तरों पर पुरुष और महिला मुक्केबाज़ों के लिये **प्रतिस्पर्द्धात्मक अवसर** प्रदान करने हेतु **राष्ट्रीय महासंघों** और **प्रमुख हितधारकों** के साथ सहयोग करता है।

## भारतीय मुक्केबाज़ी महासंघ (BFI)

- यह देश में **शौकिया मुक्केबाज़ी** की निगरानी करने वाला **राष्ट्रीय संस्थान** है, जो खेल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करता है और **ओलंपिक** तथा **विश्व चैंपियनशिप** जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करता है।
- **नेतृत्व:** प्रमोद कुमार हाल ही में मुक्केबाज़ी महासंघ ऑफ इंडिया (BFI) के महासचिव चुने गए हैं और अजय सिंह इसके अध्यक्ष बने हैं।
  - प्रमोद कुमार ने वर्ष 1986 के एशियाई खेलों में सियोल में 5000 मीटर दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-to-host-world-boxing-cup